# रणजीत टाइम्स

साप्ताहिक अख़बार

**प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे**

वर्ष 22 | अंक 13 | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य - 2 रु.

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

इंदौर प्रति मंगलवार , 19 अगस्त 2025 से 25\ अगस्त 2025 तक


## श्री मोदी को मध्य प्रदेश आने का निमंत्रण

### मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की प्रधानमंत्री से पार्लियामेंट हाउस में मुलाकात



**नई दिल्ली। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज यहां प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से पार्लियामेंट हाउस में मुलाकात कर मध्य प्रदेश आने का निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री श्री यादव ने प्रदेश में हाल ही में होने वाले किसान सम्मेलन और मेट्रो ट्रेन के कोच बनाने की फैक्ट्री का शुभारंभ करने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी से आग्रह किया।**

मुलाकात के बाद संवाददाताओं से बात करते हुए मुख्यमंत्री श्री यादव ने बताया की प्रदेश में औद्योगिक करण का वातावरण चल रहा है इस दिशा में स्वदेशी का अभियान पूरे प्रदेश में चल रहा है। आत्मनिर्भर भारत बनाने की कड़ी में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा लक्ष्य है की स्वदेशी अभियान के तहत गुणवत्ता युक्त उत्पाद बनाए जाए। इसके लिए हम सबको अधिक काम करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले डेढ़ साल से औद्योगिकरण का प्रदेश में बड़ा अभियान चलाया जा रहा है जिसके फल स्वरुप 30 लाख करोड़ से अधिक के एम ओ यू किए जा चुके हैं और 21 लाख लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में इसी क्रम से राज्य सरकार काम करती रहेगी और निरंतर विकास की राह पर अग्रसर होती रहेगी।

## राजसी सवारी में त्रिनेत्रधारी भगवान श्री महाकाल के दर्शन कर भक्त हुए भाव-विभोर

**रणजीत टाइम्स**

उज्जैन । भगवान श्री महाकालेश्वर की इस वर्ष की श्रावण-भाद्रपद माह में निकलने वाली सवारियों के क्रम में सोमवार,18 अगस्त को सायं 4 बजे परम्परानुसार श्री महाकालेश्वर भगवान की राजसी सवारी धूमधाम से निकाली गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभामंडपम में भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर का पूजन-अर्चन किया। रजत पालकी में विराजित श्री चंद्रमौलेश्वर भगवान अपनी प्रजा का हाल जानने नगर भ्रमण पर निकले तो सम्पूर्ण उज्जयिनी भगवान श्री महाकालेश्वर की जय-जयकार से गुंजायमान हो गई। चारों दिशाओं में भगवान श्री महाकाल की भक्ति में लीन भक्तों के नेत्र त्रिनेत्रधारी भगवान श्री शिव की एक झलक पाकर भाव-विभोर हो गए। सवारी निकलने के पूर्व श्री महाकालेश्वर मंदिर के सभा मंडप में भगवान श्री चन्द्रमौलेश्वर का पूजन-अर्चन विधिवत रूप से मुख्यमंत्री डॉ यादव, प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल ने किया। सभा मंडप में विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा,विधायक श्री सतीश मालवीय , विधायक श्री महेश परमार, महापौर श्री मुकेश टटवाल, सभापति श्रीमती कलावती यादव, श्री वैभव यादव ने भी भगवान चंद्रमौलेश्वर का पूजन किया और आरती में सम्मिलित हुए। पूजन के बाद निर्धारित समय पर भगवान श्री महाकाल की पालकी को नगर भ्रमण के लिये रवाना किया गया। पूजन-अर्चन पुजारी पं.महेश शर्मा व अन्य पुजारियों द्वारा सम्पन्न करवाया गया। इस अवसर पर सभा मंडप में पूजन-अर्चन के दौरान श्री संजय अग्रवाल, श्री रवि सोलंकी आदि उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मंशानुरुप सवारी के मुख्य द्वार पर पहुंचने पर रजत पालकी में विराजित भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर पर हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। रजत पालकी में विराजित भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर जैसे ही मुख्य द्वार पर पहुंचे असंख्य श्रद्धालुओं ने भगवान श्री महाकालेश्वर का स्वागत-वन्दन किया। वहां पर सशस्त्र पुलिस बल के जवानों तथा प्रदेश के विभिन्न बटालियनों के जवानों द्वारा सवारी को सलामी दी। पालकी के आगे घुड़सवार दल, सशस्त्र पुलिस बल के जवान आदि की टुकडियां मार्च पास्ट करते हुए चल रही थी। मुख्यमंत्री डॉ यादव सवारी में सम्मिलित हुए और सवारी मार्ग पर उन्होंने ड़मरु और झांझ बजाया। राजाधिराज भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारी में असंख्य श्रध्दालुओं ने सवारी मार्ग पर ड़मरु, झांझ-मंजीरे बजाकर अवंतिकानाथ भगवान श्री महकालेश्वर की जय जयकार की।

## ट्रांसमिशन लाइनों के समीप प्रतिबंधित कारीडोर 27 मीटर की सीमा में बने घातक निर्माण

### एम.पी. ट्रांसको ने जारी किये 24 नोटिस



इंदौर। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) ने एक्स्ट्रा हाई टेंशन ट्रांसमिशन लाइनों के समीप विद्युत सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर बने असुरक्षित और अवैध निर्माणों को हटाने के लिए मुहिम शुरू की है। प्रतिबंधित कारीडोर 27 मीटर की सीमा के अंदर बने इन निर्माणों से मानव जीवन को गंभीर खतरा है तथा दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

एम पी ट्रांसको के कार्यपालन अभियंता श्री वीर सिंह भूरिया ने बताया कि बड़वानी में पहले चरण में लोगों को समझाइश दी गई थी, अब संबंधितों को नोटिस देकर निर्माण हटाने के लिए कहा गया है। जिन क्षेत्रों में ट्रांसमिशन लाइनें पहले से मौजूद हैं और वहां नियमों की अनदेखी कर अवैध निर्माण किए गए हैं, उन क्षेत्रों में दुर्घटना और जनहानि की आशंका को देखते हुए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कर्मचारी पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील कर रहे हैं और लोगों को संभावित खतरों से सतर्क किया जा रहा है।

### इन क्षेत्रों में जारी किए गए 24 नोटिस

बड़वानी क्षेत्र में एम.पी. नगर, तलुन, अंजद, न्यू फिल्टर के पास कसरावद रोड आदि स्थानों पर 132 के.व्ही. वोल्टेज की बड़वानी- निमरानी ट्रांसमिशन लाइन के समीप सबसे कम सुरक्षा दूरी में निर्माण किए गए हैं। इन्हें हटाने के लिए एम.पी. ट्रांसको द्वारा संबंधित व्यक्तियों को कुल 24 नोटिस जारी किए गए हैं।

### 27 मीटर का सुरक्षित कॉरीडोर क्यों आवश्यक?

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की गाइडलाइन्स के अनुसार 132 के.व्ही. क्षमता की ट्रांसमिशन लाइनों के 27 मीटर कारीडोर की न्यूनतम सुरक्षित दूरी में कोई निर्माण नहीं किया जाना चाहिए। यह दूरी इसलिए तय की गई है क्योंकि हवा के दबाव से कंडक्टर (विद्युत तार) झूल सकता है, जिसे स्विंग कहा जाता है। इस स्विंग को ध्यान में रखते हुए ही दुर्घटनाओं से बचाव के लिए यह मानक निर्धारित है।

### घरेलू बिजली से 600 गुना अधिक घातक

ट्रांसमिशन लाइनों के नीचे बने अवैध निर्माण घरेलू बिजली से 600 गुना से अधिक खतरनाक साबित हो सकते हैं। इससे न केवल जिले की विद्युत आपूर्ति लंबे समय तक बाधित होने का खतरा है, बल्कि आम नागरिकों के जीवन पर भी बड़ा संकट मंडरा रहा है सुरक्षा की दृष्टि से एम.पी. ट्रांसको ने नागरिकों से अपील की है कि वे मानकों के अनुरूप ही निर्माण करें और ट्रांसमिशन लाइनों से निर्धारित दूरी बनाए रखें।

## महू में धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस जगह-जगह मनाकर आजादी के वीर शहीदों को याद किया

**रणजीत टाइम्स**

इंदौर-महू- जिला कांग्रेस प्रवक्ता जुगनू जादवसिंह धनावत ने बताया महू में धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस जगह-जगह मनाकर आजादी के वीर शहीदों को याद किया। और चौपाल सागर पलासिया में चौपाल प्रभारी मनीष शाह के नेतृत्व में मंडी सचिव प्रकाश दांगी और संचालक जुगनू जादवसिंह धनावत ने झंडा वंदन किया। महू में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता कैलाश दत्त पांडे, मुजीब कुरैशी, कपिल सोलंकी,जुगनू जादवसिंह धनावत, शक्तिसिंह गोयल, विजेंद्रसिंह चौहान, पुनीत शर्मा, कार्यवाहक अध्यक्ष पप्पू खान, विजय नौलखा, रवि मिश्रा, अजय वर्मा,राजकुमार बागड़ी, नरेश जोशी, लियाकत पठान, देवेंद्र अग्रवाल,महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्वेता डिसूजा, प्रेम चौहान, शिखा अमित अग्रवाल, जगमोहन सोन, कमल धानुक, अजय धनावत, ओम पटेल, गजेंद्रसिंह राठौर, वीरेंद्र झंझोट, विष्णु मालवीय, रवीश जादम, रोहित अग्रवाल,मुन्नालाल वर्मा, बाबूलाल अमेरिया, राहुल शर्मा, प्रीतम वर्मा, अभिषेक मारोलिया, अरुण गुर्जर, पिंटू डीडवानी इत्यादि सैकड़ो कांग्रेस जन उपस्थित रहे। और चौपाल सागर में मंडी सचिव प्रकाश दांगी, प्रभारी मनीष शाह, जुगनू जादवसिंह धनावत, राधेश्याम चौधरी, व्यापारी संघ अध्यक्ष पूनम अग्रवाल, मुकेशसिंह चौहान, नरेंद्र जोशी, संतोष पाटीदार, प्रकाश खंडेलवाल, नीरज चौधरी, माखन चौधरी, चौपाल प्रबंधक राजेंद्रसिंह वर्मा, अनिल द्विवेदी, मिसबा अली खान, माखन मुकाती,दीपक पटेल एवं अनाज मंडी स्टाफ उपस्थित रहे।

## दलित नाबालिग बच्चियों की अपहरण साजिश को किया नाकाम धन्यवाद छत्रीपुरा पुलिस




**रणजीत टाइम्स**

15 अगस्त के अवसर पर स्कूल में झण्डा वंदन के लिए निकली 2 बच्चियों का कुछ युवकों द्वारा अपहरण कर लिया गया था । बच्चियों के पिता अजय परमार ने तत्काल छत्रीपुरा पुलिस को सूचना दी । पुलिस की सक्रियता से अपहरणकर्ता दोनों बच्चियों को लालबाग पर छोड़कर भाग गए । बच्चियों के पिता द्वारा सूचित करने पर में अपने पदाधिकारियों के साथ थाने पहुंचा और थाना प्रभारी kp यादव से घटना के सम्बन्ध में चर्चा की ।। Ti यादव ने आश्वस्त किया जल्द ही आरोपियों का पता कर उन्हें गिरफ्तार कर कड़ी कार्यवाही करेंगे । इस मौके पर संगीता पाटोदी, विमला भंडारी, सुनीता ठाकुर, नर्मदा गुर्जर, अश्विनी सिरसाट, पायल विश्वकर्मा, ममता निगम, मनु तिवारी, प्रियंका तिवारी, आशा बहन, सिमरन भंडारी, पवन भावसार, लखन देपाले, भरत बिल्लौरे, राज परमार, दीपक वैष्णव, सोम बहादुर सोनी, शुभम को, विक्की पंडित, सेंटी बालेश्वर, सहित कई बन्धु भगिनी मौजूद रहे ।।

## 79 वे स्वतंत्रता दिवस की आप सभी को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

**रणजीत टाइम्स**

माँ भारती के उन वीर सपूतों के नाम जिन्होंने अपना बलिदान केवल इस लिए कर दिया ताकि हमें जीवन दान मिल सके, जो हँसते - हँसते इसलिए मर गये ताकि हम हँसते - हँसते जी सकें और जिन्होंने अपने माथे पर अपने ही हाथों से इसलिए कफ़न बाँध लिया ताकि हम अपने मांथे पर सेहरा सजा सकें यह स्वतंत्रता हमें उपहार और उपकार में नहीं अपितु बलिदान से प्राप्त हुई है। अपनों के लहू से प्राप्त इस स्वतंत्रता का मूल्य हमें आज समझना होगा। देश की रक्षा करना केवल सैनिकों का ही दायित्व नहीं है अपितु अपनी जिम्मदारियों को हम सबको भी पालन करना होगा। प्रत्येक भारतीय एक जिम्मेदार नागरिक की तरह जीवन जिएँ तभी भारत माँ का मस्तक गौरव से ऊँचा होगा। माँ भारती का सम्मान व भारतीय आदर्श जीवन मूल्यों का रक्षण करते हुए जीवन जीना वास्तविक अर्थों में यही सच्ची स्वतंत्रता है। संकल्प लें कि हम हमारे भारत के प्रत्येक व्यक्तियों का और उनके परिवारों का सदैव सम्मान करेंगे। सही शब्दों में स्वन्त्रता का अर्थ यही हैं।




## जरा याद करो कुर्बानी"–एक शाम शहीदों के नाम

हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत, इंदौर मे देशभक्ति के सुर और शहादत की कहानियों से गूंज उठा माहौल। अमर शहीदों को समर्पित गीतों ने स्वतंत्रता संग्राम की यादें ताजा कर दीं। इन्दौर एम्बुलेंस ऑपरेटर वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा इन्दौर मे भव्य एम्बुलेंस से तिरंगा यात्रा निकाली गई! इस अवसर पर इन्दौर के ( सी एम एच ओ ) साहब उपस्थित रहे। उन्होंने शहर मे भव्य तिरंगा यात्रा को तिरंगा लेहरा कर यात्रा का शुभ आरम्भ किया! इस मोके पर इंदौर के सभी एम्बुलेंस ऑपरेटर उपस्थित रहे ! इन्दौर एम्बुलेंस आपरेटर वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आजादी के इस पर्व पर,देश प्रदेश मे आइए हम सब मिलकर अपनी एकता, अखंडता और देशभक्ति के रंग में रंग जाएं का संदेश दिया ।




## वर्दी का नटवरलाल !

**रणजीत टाइम्स**

राजेंद्र नगर में नकली टीआई पकड़ा गया! बजरंग लाल नामक शख्स ने वर्दी का रौब दिखाकर राजा रघुवंशी के परिवार को ठगने की कोशिश की। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि बजरंग लाल पहले भी नकली पुलिसकर्मी बनकर वारदात कर चुका है। राजस्थान के रतनगढ़ निवासी बजरंग लाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे थाने ले जाया गया है। आगे की जांच जारी है।



## राजेंद्र नगर थाने मे 79 स्वतंत्रता दिवस झंडा फहराकर राष्ट्रगान के साथ मनाया गया

**रणजीत टाइम्स**

**इंदौर 79 स्वतंत्रता दिवस पर राजेंद्र नगर थाने पर झंडा फहराकर राष्ट्रगान के साथ थाना प्रभारी नीरज विर्थरे जी ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारा देश आज के दिन आजाद हुआ था हम सभी उन वीर जवानों को नमन करते हैं।**





## जिनकी वजह से

हमें स्वतंत्रता प्राप्त हुई थाना प्रभारी ने कहा कि आज हमारा देश उन्नति कर रहा है अपने करियर को बनाएं भविष्य में आप देश को आगे लेकर जाएंगे इस खुशी के मौके पर थाने में सभी ने एक दूसरे को मिठाइयां खिलाई

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
इंदौर प्रति मंगलवार , 19 अगस्त 2025 से 25 अगस्त 2025 तक

## स्वतंत्रता दिवस पर

# 'रणजीत टाइम्स' कार्यालय में हुआ भव्य आयोजन, शहीदों को दी श्रद्धांजलि, 10वीं वर्षगांठ का उल्लास

रणजीत टाइम्स विशेषांक

**इंदौर, 15 अगस्त – मध्य प्रदेश के अग्रणी समाचार पत्र रणजीत टाइम्स के कार्यालय में आज स्वतंत्रता दिवस का जश्न देशभक्ति और उत्साह के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसके बाद शहीदों के बलिदान को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।**

इस वर्ष का समारोह विशेष इसलिए भी रहा क्योंकि रणजीत टाइम्स ने अपने सफल 10 वर्ष पूरे किए। इस अवसर पर सभी साथियों ने एक-दूसरे को मिठाई और लड्डू खिलाकर दोहरी खुशी का उत्सव मनाया। "भारत माता की जय" और देशभक्ति गीतों से पूरा वातावरण गूंज उठा। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार श्री विपिन शर्मा जी ने उपस्थिति दर्ज कराते हुए सभी को स्वतंत्रता दिवस और अख़बार की 10वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं दीं। उपस्थित गण - प्रमुख संपादक गोपाल गावंडे, सह संपादक दीपक वाडेकर, राजेश धाकड़, आदित्य शर्मा सह संपादक, अनिल चौधरी, नारायण मीणा, राहुल विरकर, जीतू पालीवाल, देव कनारे, मुरली फावडे, विनोद नीमझे, हेमराज महाजन, महेन्द्र राठौर, विजय मेटकर, पूजा शर्मा, नरेंद्र कौर, मानसी, सोनू, पवन सहित रणजीत टाइम्स के सभी स्टाफ और पत्रकार साथी। रणजीत टाइम्स परिवार की ओर से समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं!





# सुंदरता नहीं, समझदारी है वैवाहिक जीवन की कुंजी

## बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री का रिश्तों पर बड़ा संदेश

**रणजीत टाइम्स**

छतरपुर। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज ने पति-पत्नी के रिश्तों पर एक ऐसा संदेश दिया है, जो आज की पीढ़ी के लिए सोचने का विषय बन गया है। सोशल मीडिया पर जारी अपने एक वीडियो में उन्होंने कहा कि आधुनिक समय में वैवाहिक रिश्ते पहले की तुलना में काफी कमजोर हो गए हैं और इसकी वजह लोगों का प्राथमिकताओं में बदलाव है। शास्त्री ने चिंता जताते हुए कहा कि अखबारों और न्यूज चैनलों में आए दिन टूटते रिश्तों की खबरें यह साबित करती हैं कि सात जन्मों तक साथ निभाने की कसमें और मंडप में लिए गए सात वचन अब अपनी मजबूती खोते जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आज लोग जीवनसाथी चुनते समय सुंदरता को प्राथमिकता दे रहे हैं, जबकि समझदारी को नजरअंदाज कर रहे हैं, और यही रिश्तों के टूटने का बड़ा कारण है।

उन्होंने सलाह दी, "जीवनसाथी सुंदर हो या न हो, अगर वह समझदार है तो आपका जीवन सफर लंबा और सुखमय होगा। लेकिन अगर केवल सुंदरता पर ध्यान देंगे और समझदारी को नजरअंदाज करेंगे तो रिश्ता अल्पकालिक हो सकता है।" शास्त्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि लंबी रेस का घोड़ा बनने के लिए केवल आकर्षक चेहरा नहीं, बल्कि गहरी समझ और संतुलन की क्षमता ज़रूरी है। पंडित धीरेंद्र शास्त्री के ये विचार सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं और लोग इस संदेश पर अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कई लोग इसे वैवाहिक जीवन में स्थिरता और खुशहाली का व्यावहारिक मंत्र मान रहे हैं, तो कुछ इसे रिश्तों में प्राथमिकताओं पर पुनर्विचार का आह्वान बता रहे हैं।



# राजवाड़ा पर गोगा नवमी पर्व के दौरान निकलने वाली छड़ियों निशान बा जलूस के दौरान चाकू बाज को पकड़ने में सराफा थाना को मिली बड़ी सफलता



## सराफा पुलिस ने गोगा नवमी पर्व के दौरान चेकिंग कर आरोपियों को घटना करने की संभावना से पूर्व चेकिंग के दौरान पकड़ा आरोपीगढ़ पर पूर्व में है अलग-अलग थाने में कई अपराध दर्ज



इंदौर गोगा नवमी पर निकलने वाली छड़ी निशान जुलूस में वरिष्ठ अधिकारी गढ़ एवं थाना सराफा पुलिस को सूचना थी कि जुलूस में लाखों की संख्या में लोग एकत्रित होंगे जिसमें कई लोग बड़ी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से अवैध रूप से हथियार लेकर आने वाले हैं उक्त संबंध में थाना सराफा थाना प्रभारी एवं सराफा पुलिस टीम को उक्त व्यक्तियों को तलाश कर गिरफ्तार एवं हथियार जप्त करने हेतु लगाया गया जिसके पश्चात थाना प्रभारी सराफा वा सराफा पुलिस टीम द्वारा अलग-अलग पॉइंट पर सघन चेकिंग कर आरोपी गढ़ को पड़ा नाम पता पूछने पर अपना नाम कार्तिक पिता राहुल राव जी उम्र 20 साल निवासी 25/9 समाजवाद इंद्र नगर इंदौर आरोपी पुनीत पिता जनार्दन धबने उम्र 25 साल निवासी 41/2 सफेद मंदिर के पास परदेसी पुरा आरोपी कार्तिक पिता राजेंद्र चौहान उम्र 22 साल निवासी नीलगंगा छुम छुम बाग की दरगाह उज्जैन को होना बताया इन तीनों व्यक्तियों के पास तलाशी में कई धारदार खटकेदार चाकू अवैध रूप से रख पाए गए उक्त कार्रवाई से आरोपीय गढ़ को अन्य कोई बड़ी घटना करने की संभावना से पूर्व ही पकड़ता एवं खटकेदार चाकू जप्त करने में थाना सराफा पुलिस ने बड़ी सफलता प्राप्त की आरोपी गणों ने उक्त कृति से आरोपी गढ़ के विरुद्ध अपराध क्रमांक 89 / 25 अपराध क्रमांक 90 / 25 अपराध क्रमांक 91 / 25 धारा 25 आम एक्ट का पंजीकृत कर विवेचना में लिया आरोपीगढ़ से चाकू लाने के संबंध में पूछताछ की जा रही है सारणी कार्य में थाना प्रभारी सराफा सुरेंद्र सिंह रघुवंशी की विशेष भूमिका रही।

## गायत्री तीर्थ पर 79 वां स्वतंत्रता दिवस संपन्न हुआ

**रणजीत टाइम्स**

हाटपीपल्या- स्थानीय गायत्री तीर्थ पर आजादी के 79 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रातः 6:00 से 7:00 बजे तक नौ कुंडीय यज्ञशाला में राष्ट्र के उज्जवल भविष्य के लिए आहुतियाँ परिजनों ने समर्पित की। प्रातः 8:00 बजे गायत्री परिवार के परिजनों ने तीर्थ प्रांगण में तिरंगा फहराया एवं ध्वज वंदन किया। राष्ट्रगीत और देशभक्ति के गीतों की प्रस्तुति कार्यकर्ताओं ने दी। कार्यक्रम मे सभी वक्ताओं ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में राष्ट्र के उज्जवल भविष्य की प्रार्थना ईश्वर से करते हुए सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की एवं गायत्री परिवार द्वारा राष्ट्र उत्थान के लिये चलाये जा रहे आन्दोलनों पर प्रकाश डाला। तीर्थ के श्री गिरीश चंद्र गुरु ने सभी परिजनों को कार्यक्रम मे उपस्थित होने पर आभार व्यक्त किया।

# "स्वाधीनता दिवस भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का बोध कराता है - डॉ. भरत शर्मा"

## अंजुमन -ए-फ़करी बोहरा समाज के सदस्यों ने ली घर के साथ मन की शुचिता की शपथ

**भारत के गौरवमयी 79वे स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर संस्कृति मंत्रालय सदस्य- डॉ. भरत शर्मा ने कहा की भारत की वैश्विक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक प्रगतिपथ को साकार करने की दिशा में हमें अपनी जिम्मेदारियों को पालन कर भारत को सिरमौर बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता साबित करनी है ।**

आज विश्व में सबसे ज़्यादा युवाओं का देश होने के साथ ही विश्व की सबसे प्राचीन और सांस्कृतिक धरोहर के रूप में हमारी पहचान है और अब हमे देश की प्रगति के लिए उन स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों और उनके परिवार के एक भारत, स्वच्छ भारत, समृद्ध भारत और सुसंस्कृत भारत की परिकल्पना को पूर्ण करने का प्रयत्न करना है । कार्यक्रम में बड़ी तादाद में उपस्थित विद्यार्थी और युवाओं को संबोधित करते हुए डॉ भरत शर्मा ने



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के स्वच्छ भारत के स्वप्न पर प्रकाश डाला और उनसे ना केवल घर की वरन् मन की शुचिता बनाने का संकल्प दिलाया।

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत डॉ भरत शर्मा द्वारा ध्वजारोहण और राष्ट्र गान से की गई। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम देशप्रेम और एकता के संदेश से लोगों को प्रेरित कर रहे थे। डॉ. भरत शर्मा का स्वागत बोहरा समाज के अंजुमन-ए-फकरी के आमिल साहब शेख काईद जौहर भाई शाकीर द्वारा पुष्पगुच्छ देकर और संस्था द्वारा सलामी देकर किया गया। उक्त अवसर पर समाज के वरिष्ठ गणमान्य नागरिक नगर सुरक्षा समिति के अध्यक्ष महेंद्र सिंह सलूजा जी, युवा समाजसेवी एवं गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड लंदन प्राप्त श्री गौरव शर्मा जी, क्राइम दर्पण समाचार के संपादक अली भाई, केजार भाई मिल वाला, मुल्ला केजार भाई मनावर वाला, आमिर भाई लाइट वाला, अकबर भाई देवास वाला, तैयब भाई पेपर वाला, सैफी भाई रतलाम वाला, याकूब भाई जावरा वाला, अली असगर भाई जावरा वाला, मुस्तफा भाई मालवी, यूनुस अलीराजपुर वाला, मुर्तजा भाई भरूच, मुस्तफा भाई करोना वाला, शब्बीर बंदूक वाला, अब्दुल कादिर जावरा वाला और समाजसेवी विशेष रूप से मौजूद रहे।

## शिवपुरी जिले में मध्यप्रदेश शासन की 181 सीएम हेल्पलाइन बनी अधिकारियों की मनमर्जी हेल्पलाइन

### अधिकांश शिकायतों को विभागीय अधिकारियों द्वारा फर्जी निराकरण डालकर बंद करा दिया जाता है

**रणजीत टाइम्स**




पिछोर( शिवपुरी )केंद्र , राज्य सरकार द्वारा आम जन की किसी भी समस्या को हल करने के लिए जो पीजी पोर्टल, सीएम हेल्पलाइन जैसे पोर्टल बनाए गए हैं वो आज हाथी के दांत की तरह मात्र एक दिखावा बनकर रह गए हैं क्योंकि इनसे जनता की किसी भी तरह की समस्या का कोई हल नहीं होता है।अधिकारी , कर्मचारी मनमर्जी से जो हल करते है उसे ही सही मान लिया जाता है।किसी भी पोर्टल का अधिकारी ,कर्मचारियों को कोई डर नहीं लगता है।फिर कोई कुछ भी कहे न पोर्टल पर,और न संबंधित विभाग कोई कारवाही करता है।विभागों के उच्च अधिकारी पूरी तरह से अपने अधिनिस्तो पर निर्भर रहते हैं।निचले स्तर के अधिकारी, कर्मचारी अपनी मर्जी से ही काम करते हैं।संबंधित विभाग पूरी तरह उनके कब्जे में रहता है।जैसे अगर किसी बैंक अधिकारी मैनेजर द्वारा लोन देने मना कर दिया गया तो आपकी न कोई बैंक का उच्च अधिकारी सुनेगा और न पीजी पोर्टल, सीएम हेल्पलाइन सुनेगा।सिर्फ शिकायत को बंद कर दिया जाता है।यही हाल सभी विभागों का है।केंद्र , राज्य शासन को चाहिए कि पीजी पोर्टल, सीएम हेल्पलाइन जैसे पोर्टल को सख्त बनाया जाए विभागों के उच्च अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए जाए की जनता की किसी भी तरह की समस्या की उचित जांच कर हल किया जाए।ताकि जनता की किसी समस्या का सही हल हो सके।

# श्री विष्णुमाया व श्री कृष्ण की शक्तियों का साक्षात्कार करें सहजयोग से

**रणजीत टाइम्स**



**हम सभी जानते हैं कि भाद्रपद मास की अष्टमी तिथि (कृष्ण पक्ष) के पावन अवसर पर रात्रि १२ बजे श्री कृष्ण जी अवतरित हुए थे। परंतु हम सभी शायद यह भूल जाते हैं कि तभी श्री विष्णुमाया जी कन्या रूप में, यशोदा जी के घर अवतरित हुई थीं। उन्होंने ही कंस को उसकी मृत्यु के बारे में चेताया था। श्री विष्णु जी की बहन विद्युत बन कर आकाश में गरजीं और अधर्म के नाश की घोषणा की। हमारे भारतवर्ष में, भाई- बहन के रिश्ते को बहुत पवित्र माना गया है। एक-दूसरे को गलत पथ पे जाने से रोकना एवं सही कार्यों के लिए प्रोत्साहित करना बहन- भाई के रिश्ते का अंतर्निहित कर्तव्य है। हमारे सूक्ष्म तंत्र में बहन का स्थान हमारे सर्वाइकल प्लेक्सस (cervical plexus) में बाईं ओर होता है। हमारे कंठ के बाईं ओर श्री विष्णुमाया सभी शक्तियाँ लिए विराजती हैं, हमें गलत पथ पे जाने से सदैव रोकती हैं परंतु हमारे अज्ञान के अंधकार के कारण वह ढक जाती हैं एवं उनके संदेश हम तक नही पहुँच पाते और इसी कारण मनुष्य दोषी भाव महसूस करने लगता है और उसे कारण भी सपष्ट नही होता तो वह इस अंधकार में और डूबता चला जाता है।**

परम पूज्य श्री माता जी निर्मला देवी द्वारा अभिनिश्चित सहजयोग की सहायता से हम उस अज्ञान के अंधकार को दूर कर परमात्मा की सर्वव्यापी शक्ति से जुड़ सकते हैं। जिसकी सहायता से हमें आत्मज्ञान होता है एवं हमारे अंदर ही छिपी परमात्मा की सभी शक्तियां कार्यन्वित हो जाती हैं और उसी के प्रकाश में क्या सही है क्या गलत है हम वह देख पाते हैं । हम सभी के मूलाधार में स्थित, माँ कुंडलिनी जब सहजयोग द्वारा जागृत होती हैं तब वह हमारी माँ होने के कारण हमारे अंदर के सभी कुसंस्कार को नष्ट कर हमें विवेक प्रदान कर दोषभाव से मुक्त करती है । हम सभी में पवित्रता का वह बीज अंकुरित कर देती है, जो स्वतः उस विवेक की सहायता से पोषित हो एक सुंदर, शील व्यवहारिक व्यक्तित्व में, परिवर्तित हो जाता है। हमारी दृष्टि स्वतः ही पवित्र हो जाती है एवं हम हर किसी को अपना भाई-बहन मान उनके साथ पवित्र रिश्ते मे बंध जाते हैं। यदि आप सहजयोग के बारे में जानने की इच्छा रखते हैं एवं अपने जीवन को सुंदर, सुखमय बनाना चाहते हैं तो कृपया टॉल फ्री नंबर पर 1808 2700 800 पर संपर्क करे।

# मुझे गर्व है कि मैं लोधी समाज में जन्म हूं भारत में होने वाली जनगणना में एक कालम में अपनी जाति लोधी को जरूर लिखें बोले विधायक श्री प्रीतम सिंह लोधी

**रणजीत टाइम्स**

मक्सी/चंबल टाइगर के नाम से प्रसिद्ध मध्यप्रदेश की पिछोर विधानसभा से भाजपा के विधायक श्री प्रीतम सिंह जी लोधी मक्सी नगर मैं अल्प प्रवास पर पधारे आपको बता दें कि प्रीतम सिंह लोधी रानी अवंतीबाई लोधी की जयंती समारोह में इंदौर जाते वक्त मक्सी रुके थे जहां पर लोधी समाज द्वारा उनका भव्य स्वागत सत्कार किया गया आपको बता दें कि आज ही 16 अगस्त को उनका जन्मोत्सव होने पर यहां पर समाज जनों ने केक काटकर उनका जन्मदिन भी मनाया गया वही मीडिया से चर्चा उन्होंने कहा कि मेरा मक्सी से पुराना संबंध है और यहां पर सभी भाई मिलजुल कर कार्य करते हैं मैं उन्हें बधाई देना चाहता हूं। और और आज महारानी अवंतीबाई लोधी के जयंती पर नगर में निकले विशाल चल समारोह को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने पर भी समाज जनों को बधाई देता हूं जिसमें बड़ी संख्या में युवा जनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवरकर समाज का मान सम्मान बढ़ाया वहीं उन्होंने समाज के स्तर पर बात करने पर कहा कि अभी जनगणना होती है



उसी के नियमित सभी भाइयों से मेरा निवेदन है कि आप जो भी लिखते हैं उसके पहले कॉलम में लोधी जरूर लिखें जिससे कि हमारे समाज की सही जनसंख्या का आकलन हो सके और हमें भी संविधान के अनुसार उसका विशेष अधिकार मिल सके इसलिए जनगणना में अपनी जात लोधी बताने के लिए लोधी शब्द जरूर लिखें में गर्व करता हूं कि लोधी समाज में मेरा जन्म हुआ और मैं सभी अपने लोधी भाइयों से भी निवेदन करता हूं कि वह अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा एवं संस्कार दे एवं नशाखोरी से दूर रहे उन्होंने नगर में समाज के उपाध्यक्ष सहित पार्षदों को भी बधाई दी एवं पूरे समाज को एक जुटता के साथ रहने का आह्वान किया इस अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मोर सिंह लोधी पार्षद प्रतिनिधि दिलीप लोधी अशोक पेंटर लोधी समाज के जिला अध्यक्ष चंद्र सिंह लोधी दिलीप आरोल निलेश लोधी पवन केरवाल पूर्व पार्षद मोहनलाल लोधी कैलाश कोठारी सहित बड़ी संख्या में समाज जन मौजूद थे वहीं राष्ट्रीय लोधी महासभा के प्रदेश प्रवक्ता लोधी राधेश्याम देवड़ा पत्रकार द्वारा उनसे समाज उत्थान पर भी विस्तार से चर्चा की उन्होंने कहा कि समाज में हर कार्य एकजुटता के साथ करें लोधी समाज कभी भी किसी के साथ छल कपट नहीं करता है।

# मासिक शताब्दी पुण्य तिथि अवसर पर आयोजन

**रणजीत टाइम्स**

राणापुर । युग प्रभावक आचार्य पुण्य सम्राट श्रीमद जयंतसेन सुरीश्वरजी की 100 वी (शताब्दी) मासिक पुण्य तिथि विविध कार्यक्रमों के साथ मनाई गई। तरुण परिषद के राष्ट्रीय सदस्य अवि सकलेचा ने बताया कि राणापुर श्रीसंघ पर दिव्य कृपा बरसाने वाले एवं हमारे भगवान रूप पुण्य सम्राट की पुण्य तिथि पर 6 दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जिसमें जोधपुर के डाक्टरों ने प्राकृतिक चिकित्सा से अनेक रोगों का इलाज किया।शिविर में छगनलाल प्रजापत,हसमुख सोनी,लक्ष्मीकांत शर्मा,संजय अग्रवाल,अर्पित राठी,लिलेश हरसोला,नितेश शाह,आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

तपोनिष्ठ दिगम्बर मुनिराज श्री सुमंत्रसागर जी महाराज भी शिविर में पधारे तथा आयोजन की सराहना की। करीब 35 कुष्ठ रोगियों को करुणा सदन में पारा निवासी श्री माणकलाल जी भंडारी की स्मृति में धर्मपत्नी ज्योति भंडारी परिवार द्वारा भोजन कराया गया। दोपहर में आरती की गई जिसमें अध्यक्ष दिलीप सकलेचा,सचिव प्रदीप



भंसाली, सीमधर राजेंद्र जयंत धाम के ट्रस्टी राजेंद्र सियाल,सुरेश समीर,नेहा भंसाली,यश्वी शाह,डाली छिपानी ऐव डाक्टरों ने लाभ लिया। शिविर में 35 लोगों ने अपना उपचार कराया।समापन पर अवि सकलेचा,ईशान भंसाली ने सहयोगियों ओर डाक्टरों का सम्मान किया। शिविर का संयोजन करने वाले वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश समीर का भी स्वागत किया गया। दिलीप सकलेचा,प्रदीप भंसाली,राजेंद्र सियाल,यश्वी शाह, प्रिया सियाल,नेहा भंसाली,डाली छिपानी,ज्योति सुरेश,राजेंद्र चिचानी,विजयसिंह ठाकुर,नारायण जी राठौड़, भूरीमाटी चर्च के बालाजी ,आदि उपस्थित थे।

# गच्छाधिपति श्री नित्यसेन सूरीश्वरजी म .सा .को मोहनखेडा पेढी द्वारा अग्रिम निमंत्रण



राजगढ़ । गुरु पुण्य भूमि श्री मोहनखेड़ा महातीर्थ मध्ये प्रातः स्मरणीय, विश्व वंदनीय कलिकाल कल्पतरु प्रभु श्रीमद्विजय राजेन्द्र सूरीश्वरजी म.सा. का द्विशताब्दी गुरु सप्तमी जन्म महा महोत्सव निमित्ते व चातुर्मास हेतु विनय युक्त अग्रिम निमंत्रण देने हेतु मुम्बई मे चातुर्मास हेतु विराजमान पुण्य सम्राट गुरुदेव श्रीमद् विजय जयन्तसेन सूरीश्वर महाराजा के पट्टधर परम पूज्य गच्छाधिपति आचार्य देवेश श्रीमद्विजय नित्यसेन सूरीश्वरजी म.सा. से सादर सविधि पूर्वक वंदना कर हम सभी के आराध्य, हमारी आस्था के केन्द्र, प्रातः स्मरणीय विश्व वंदनीय कलिकाल कल्पतरु, प्रभु श्रीमद्विजय राजेन्द्र सूरीश्वरजी म.सा. की 200वीं जन्म जयंती विक्रम संवत् २०८३ की पौष शुक्ल सप्तमी (गुरु सप्तमी) दि. 15 जनवरी 2027 व वर्ष 2027 के चातुर्मास के लिये ट्रस्ट मंडल ने विनती करी।इस मौके पर अ.भा. श्री सौधर्म बृहत्पोगच्छीय त्रिस्तुतिक श्री संघ एंव श्री आदिनाथ राजेन्द्र जैन श्वेताम्बर पेढ़ी (ट्रस्ट) श्री मोहनखेड़ा महातीर्थ , राजगढ से विनती हेतु चंपालालजी वर्धन ,पृथ्वीराजजी कोठारी,मेघराजजी जैन सूजानमल सेठ,भेरूभाई गादिया ,कमलेशजी पाचंसोवोरा कमलजी लूनिया,बाबूलालजी खिमेसरा ,शांतिलालजी सियाणा,जयंतीलाल जी कंकुचोपडा तथा मांगीलाल जी रामाणी उपस्थित थे।

# मुनि श्री सुमंत्र सागर जी महाराज 98 दिवसीय तप आराधना के 8 वे उपवास का पारणा हुआ

## गाजे-बाजे के साथ लाभार्थी परिवार ने की आगवानी



**रणजीत टाइम्स**

**राणापुर । राणापुर में भव्य चातुर्मास चतुर्थ पट्टाधीस आचार्य गुरुवर सुनील सागर जी महाराज के परम शिष्य मुनि श्री 108 सुमंत्र सागर जी महाराज का चतुर्मास चल रहा है इस चातुर्मास के दौरान भव्य 98 दिवसीय तप आराधना जिसमें उत्तम वृहद मृदंग मध्य व्रत चल रहा है।**

इस दौरान आठवे उपवास का पारणा 15 अगस्त को हुआ जिसका लाभ चातुर्मास के शांतिनाथ कलश के पुण्यार्जक परिवार अग्रवाल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष पवन कुमार मोहनलाल जी अग्रवाल को मिला मंदिर जी से गाजे-बाजे के साथ पूज्य मुनि श्री की अगवानी की गई। लाभार्थी परिवार के द्वारा 15 अगस्त पर पारणे लाभ मिलने पर देश भक्ति की थीम पर सजावट की गई। पारणे के बाद मंदिर जी पहुँचने पर समाजजनों के द्वारा गरबा नृत्य किया गया। ज्ञात रहे मुनि श्री एक उपवास एक पारणा इसी तरह से क्रमबद्ध 9 उपवास तक चलेंगे उसके बाद इसी क्रम से 9 उपवास से वापस नीचे के क्रम में उतरेंगे।

### मुनीश्री का अन्न का त्याग केवल मट्ठा और जल ग्रहण करते

मुनि श्री 108 सुमंत्र सागर जी महाराज के वर्ष 2022 में जब हिम्मतनगर में उनका चातुर्मास था वहां पर अन्न त्याग कर दिया था इस बड़े तप के दौरान पारणे मुनि श्री केवल मठ्ठा, जल ही ग्रहण कर रहे है। सच्चे मन से समर्पित किया एक चावल दाने का दान भी व्यर्थ नही जाता। मुनिश्री ने अपने प्रवचन में समाज जनों से कहा दिन भर में एक बार मंदिर जरूर जाना चाहिए स्वाध्याय करना चाहिए मुनि श्री ने कहा सच्चे मन से समर्पित किया गया एक चावल के दाने का दान भी व्यर्थ नहीं जाता है उसका अच्छा फल ही मिलता है।

# 22500
## पुलिस कर्मियों की होगी भर्ती



इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था और सिंहस्थ-2028 के दृष्टिगत आगामी 3 वर्षों में पुलिस विभाग में 22500 पदों पर भर्ती की जाएगी। अभी तक पुलिस विभाग में भर्तियां कर्मचारी चयन मंडल द्वारा होती हैं। पुलिस को जल्द से जल्द मानव संसाधन उपलब्ध कराने के लिए अब मध्यप्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड' का गठन किया जाएगा और यही बोर्ड पुलिस की भर्तियां करेगा। इससे पुलिस भर्ती में तेजी, पारदर्शिता और परफेक्शन आएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की घोषणा से युवाओं में खासा उत्साह है और वे इसके लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. ने कहा कि वर्ष 2025 के लिए पुलिस में स्वीकृत पदों की भर्ती 'मध्य प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड' की ओर से 'कर्मचारी चयन मंडल' करेगा। वर्ष 2026 से ये भर्तियां 'पुलिस भर्ती बोर्ड' द्वारा ही की जाएंगी। प्रतिवर्ष पुलिस के रिक्त 7500 पदों पर भर्ती की जाएगी और इस प्रकार आगामी 3 वर्ष में पुलिस विभाग के सभी रिक्त 22,500 पद भर दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गृह विभाग से जुड़ी सभी सेवाओं के आधुनिकीकरण एवं भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए शीघ्र ही गृह एवं वित्त विभाग की संयुक्त बैठक कर सभी लंबित मामलों का समुचित समाधान कर लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुलिस, जेल और नगर सेवा एवं सुरक्षा तीनों विभागों के शहीदों की विधवाओं और बच्चों के लिए स्नातक स्तर के सभी पाठ्यक्रमों में विभिन्न प्राथमिकता श्रेणियां में एक अतिरिक्त सीट पर आरक्षण दिये जाने की घोषणा भी की है। वीवीआइपी ड्यूटी में तैनात सुरक्षा कर्मचारियों सहित उप पुलिस अधीक्षक और इससे उच्च अधिकारियों को भी पात्रता अनुसार निर्धारित विशेष भत्ता एवं जोखिम भत्ता दिये जाने का निर्णय भी लिया गया है। पुलिस विभाग को दी जा रही इन सहुलियतों से विभाग की कार्यप्रणाली में सक्रियता आयेगी और अधिकारी एवं कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा, जिससे प्रदेश में कानून-व्यवस्था मजबूत होगी और आमजन को सुरक्षा कवच मिलेगा।

# शासकीय सांदीपनि विद्यालय खनियाधाना में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस का पर्व



**जगदीश पाल**

खनियाधाना( शिवपुरी ))शा. सांदीपनी विद्यालय खनियाधाना में स्वतंत्रता दिवस का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़ - चढ़ कर भाग लिया प्रातः विद्यालय में झंडा वंदन का रैली निकाली गई उसके उपरांत विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र -छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक,पर्यावरणीय एवं देशभक्ति से संबंधित प्रस्तुतियां दी गई, कार्यक्रम में बच्चों के साथ पालक गण भी उपस्थित रहे। शिक्षक वन एवं बालकों ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के मंच का संचालन विद्यालय परिवार की कक्षा 10 की छात्रा कुमारी शिवा सोनी एवं कुमारी परी दीप बन गैया ने किया। कार्यक्रम संयोजन श्री मती प्रियंका लोधी, श्री दीपक शिवहरे, श्री सुरजीत साहू, श्री अशोक जाटव, श्री संजीव जैन आदि ने किया। बच्चों के द्वारा योग पर की गईं गतिविधि की शानदार प्रस्तुति के द्वारा लोगों को स्वस्थ रहने के संदेश के साथ ही चिपको आंदोलन की प्रस्तुति कर समस्त लोगों को पर्यावरण सुधार का संदेश दिया गया। अपने बक्तव्य में शिक्षकों द्वारा बताया कि 79 वे स्वतंत्रता दिवस पर हमे अपने नए भारत के निर्माण के चिंतन के साथ ही यह भी तय करना होगा कि भविष्य के भारत की तस्वीर कैसी हो और यह आप समस्त विद्यालय में अध्ययन रत विद्यार्थीयों के मस्तिष्क में विचार अभी से होना चाहिए।निश्चित ही भविष्य निर्णायक होगा और आपके हाथ में होगा। आज हम महापुरुषों को याद करते हैं तो केवल याद कर लेने से हमारे कर्तव्य पूरे नहीं होते, हमें यह भी तय करना होगा कि हम और आप में हमारे आदर्श पुरुषों के समान राष्ट्र वादिता भी हो। जब तक देश के प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रीयता की भावना जाग्रत नहीं होगी हमारे संकल्प पूरे नहीं होंगे। अपने संकल्प को पुर्ण करने के लीए हमें स्वयं में राष्ट्र प्रेम जगाना होगा।अंत में प्राचार्य श्री टेकचंद जैन ने समस्त स्टॉफ, पालक गण, एवं वच्चों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में रोहित पाठक, मोहन सोनी, कृपान सिंह कुशवाह, अमोल सिंह परिहार, मुकेश परिहार, धर्मेंद्र सिंह बैस, नरेंद्र रावत, प्रीती शर्मा, शिवम् राजा, जीतेन्द्र लोधी, जीतेन्द्र शर्मा, रश्मि लोधी, सोनू शर्मा, अनस खान आदि सभी शिक्षक उपस्थित रहे, एवं राष्ट्रीय पर्व पर विशिष्ट सहयोग किया।


# शक्तिपीठ पर धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी पर्व

हाटपीपल्या- स्थानीय शक्तिपीठ परिसर में जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। प्रातःकालीन आरती एवं ध्यान के उपरांत नौ-कुंडीय यज्ञशाला में सभी परिजनों ने गायत्री यज्ञ में आहुतियाँ समर्पित कीं। शक्तिपीठ पर स्थित राधा-कृष्ण मंदिर का आकर्षक श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर शक्तिपीठ प्रांगण में परिजनों द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। सायं 7 बजे से भव्य दीपयज्ञ का आयोजन हुआ। इस अवसर पर "कृष्ण जी के जीवन-दर्शन" पर व्याख्यानमाला प. मनोहर गुरु द्वारा प्रस्तुत की गई। इसके पश्चात सामूहिक भजन-कीर्तन एवं प्रज्ञा-गीतों का सहगान श्री जितेंद्र गुरु एवं रवि गुरु द्वारा संपन्न हुआ।



रात्रि 12 बजे श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मध्यरात्रि में महाआरती संपन्न हुई तथा प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। तीर्थ के श्री गिरीशचंद्र गुरु ने जानकारी देते हुए कहा कि इस पावन अवसर पर क्षेत्र के सभी परिजनों की सहभागिता प्रेरणादायक रही। उन्होंने कार्यक्रम में आए सभी परिजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# ओंकारेश्वर-खंडवा रोड निवेश का नया स्वर्णिम द्वार







**रणजीत टाइम्स**

मध्यप्रदेश की पहचान अब केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं रही, बल्कि यहाँ का इन्फ्रास्ट्रक्चर और विकास कार्य निवेश की दृष्टि से भी आकर्षण का केंद्र बन चुके हैं। ओंकारेश्वर–खंडवा रोड इसका सटीक उदाहरण है। धार्मिक महत्व, बेहतर कनेक्टिविटी, ऊर्जा प्रोजेक्ट और ग्रामीण विकास – इन चार स्तंभों पर यह क्षेत्र आने वाले वर्षों में निवेशकों के लिए स्वर्णिम अवसर प्रदान करेगा।

## आस्था से अवसर तक

ओंकारेश्वर, 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक, हर वर्ष 25–30 लाख श्रद्धालुओं को अपनी ओर खींचता है। सरकार के अनुसार आगामी वर्षों में यह संख्या दोगुनी होकर 50 लाख से अधिक तक पहुँच सकती है। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक न केवल धार्मिक पर्यटन बल्कि होटल, रेस्टोरेंट, ट्रांसपोर्ट और रियल एस्टेट सेक्टर में भी नई माँग पैदा करेंगे।

## सड़क और यातायात में क्रांति

इंदौर–खंडवा रोड पर 2 टनल और नर्मदा पर नया पुल बन रहा है, जिसे 2026 तक चालू करने का लक्ष्य है। उज्जैन–इंदौर–खंडवा हाईवे का चौड़ीकरण भी तेजी से प्रगति पर है। इन प्रोजेक्ट्स के बाद इंदौर से ओंकारेश्वर की दूरी सिर्फ 1 घंटे में पूरी होगी। यही कारण है कि जहाँ अभी जमीन का रेट 300–400 प्रति वर्गफुट है, वहीं अगले 3–4 वर्षों में 600–800 प्रति वर्गफुट तक पहुँचने की पूरी संभावना है।

ग्रीन एनर्जी का हब ओंकारेश्वर डैम पर भारत का सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर पार्क तैयार हो चुका है – 90 मेगावॉट (SJVN) 126 मेगावॉट (Tata Power) कुल 216 मेगावॉट क्षमता वाला यह प्रोजेक्ट करीब 1000 करोड़ की लागत से विकसित किया गया है। इससे न केवल ऊर्जा उत्पादन बढ़ेगा बल्कि क्षेत्र को ग्रीन एनर्जी हब के रूप में पहचान मिलेगी। अनुमान है कि इस सेक्टर से 5000+ रोजगार अवसर उत्पन्न होंगे।

## कृषि और ग्रामीण विकास

'जलगंगा अभियान' के अंतर्गत खंडवा जिले में –
1.29 लाख जल संरचनाएँ बनीं
1 लाख कुओं का पुनर्भरण हुआ
38,000 फार्म पॉन्ड और 91 वाटरशेड प्रोजेक्ट पूरे हुए इससे खेती की उत्पादकता 20–25% तक बढ़ी है। आने वाले समय में यह क्षेत्र एग्रो-टूरिज्म और फार्महाउस निवेश का प्रमुख गंतव्य बनेगा।

## आने वाले 3–4 साल की तस्वीर

| क्षेत्र | वर्तमान स्थिति | 2028 तक अनुमानित बदलाव |
|---|---|---|
| भूमि मूल्य | 300–400 प्रति वर्गफुट | 600–800 प्रति वर्गफुट |
| पर्यटक संख्या | 25–30 लाख प्रति वर्ष | 50 लाख+ प्रति वर्ष |
| ऊर्जा उत्पादन | 0 MW (2022 से पहले) | 216 MW फ्लोटिंग सोलर |
| रोजगार | सीमित अवसर | 5000+ नए अवसर |
| कृषि उत्पादकता | सामान्य स्तर | 20–25% वृद्धि |

ओंकारेश्वर–खंडवा रोड पर विकास की यह गति बताती है कि यह इलाका आने वाले वर्षों में निवेशकों के लिए सुनहरा द्वार साबित होगा। धार्मिक आस्था, पर्यटन, ग्रीन एनर्जी और कृषि – चारों ही क्षेत्रों में हो रहा यह बदलाव जमीन और प्रॉपर्टी की कीमतों को कई गुना बढ़ा देगा। आज किया गया निवेश कल न सिर्फ़ सुरक्षित रहेगा, बल्कि भारी मुनाफ़ा भी देगा।

# क्या दलित होना गुनाह है ...!

**"स्वतंत्रता दिवस पर लोकतंत्र का अपमान – दलित महिला सरपंच को जमीन पर बैठाया, झंडा फहराने से भी रोका"**

## ऊँची जाति के दबंगों पर आरोप, संविधान और दलित अधिकारों का खुला उल्लंघन

दीपक वाड़ेकर »» रणजीत टाइम्स

इंदौर। स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व पर जहां पूरा देश आज़ादी के अमर बलिदानियों को नमन कर रहा था, वहीं इंदौर ज़िले के सांवेर विधानसभा क्षेत्र के रामपीपल्या गाँव से लोकतंत्र और समानता की भावना को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई। गाँव की निर्वाचित दलित महिला सरपंच को 15 अगस्त के ध्वजारोहण कार्यक्रम में न केवल कुर्सी पर बैठने से रोका गया, बल्कि उन्हें झंडा फहराने का संवैधानिक अधिकार भी नहीं दिया गया।






ऊंची जाति वालों ने फहराया तिरंगा।

### घटना का विवरण

स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में जब महिला सरपंच पहुँचीं तो ऊँची जाति के प्रभावशाली लोगों ने उन्हें मंच पर बैठने नहीं दिया। सरपंच को मजबूर होकर जमीन पर बैठना पड़ा। झंडा फहराने का कार्य, जो कि निर्वाचित सरपंच का अधिकार है, उनसे छीनकर दूसरों को सौंप दिया गया। यह दृश्य वहाँ मौजूद ग्रामीणों और मेहमानों के सामने हुआ, जिससे पूरे गाँव में नाराज़गी और अपमान का माहौल फैल गया।

### जनता और सामाजिक संगठनों का आक्रोश

**घटना का वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होते ही ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों में आक्रोश फैल गया। दलित संगठनों ने आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की माँग की है। लोगों का कहना है कि यह सिर्फ एक महिला सरपंच का अपमान नहीं, बल्कि पूरे दलित समाज की गरिमा पर चोट है। स्थानीय प्रशासन और पुलिस पर भी सवाल उठ रहे हैं कि इस तरह का अन्याय होते हुए उन्होंने तुरंत दखल क्यों नहीं दिया।**

### रामपीपल्या की यह घटना

आज़ादी के 79 साल बाद भी इस सवाल को उठाती है कि क्या सच में हर नागरिक को बराबरी का अधिकार मिला है? यदि चुनी हुई महिला सरपंच को भी उसका संवैधानिक हक़ नहीं मिलता तो गाँव–गाँव तक लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की जड़ें कैसे मजबूत होंगी?अभी तक कोई

### कानूनी पहलू

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और अनुच्छेद 17 (अस्पृश्यता का उन्मूलन) इस तरह के भेदभाव को अपराध मानता है। इसके अलावा यह मामला अनुसूचित जाति और जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत आता है, जिसके तहत दोषियों पर गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की जा सकती है।

चुनी हुई प्रतिनिधि को झंडा फहराने से रोकना लोकतांत्रिक व्यवस्था और पंचायती राज अधिनियम का भी उल्लंघन है।





दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

## सहज योग द्वारा जानें पृथ्वी तत्व - मूलाधार चक्र- श्री गणेश की तारतम्यता

सहज योग प्रणेता परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी द्वारा प्रदत्त ज्ञान से यह स्पष्ट होता है कि सुगंध के कारणात्मक तत्व से पृथ्वी का सृजन हुआ है। सौंधी खुशबू पृथ्वी का सबसे बड़ा गुण है। पृथ्वी का शरीर भौतिक तत्व की अभिव्यक्ति है। पृथ्वी का अपनी धुरी पर घूमना और उसकी गुरुत्वाकर्षण शक्तियां पृथ्वी की गतिशील मनोदशा के प्रभाव से घटित होता है। पृथ्वी का गुण पृथ्वी पर रहने वाले मानवों की धर्म शक्ति से अभिव्यक्त होता है। पृथ्वी के धारक स्वरूप की अभिव्यक्ति उनकी चुंबकीय धुरी के माध्यम से होती है। श्री गणेश हमारे सातों चक्रों के पहले चक्र मूलाधार के शासक देवता हैं। पृथ्वी के तत्व से आदिशक्ति ने श्री गणेश का सृजन किया और उन्हें मूलाधार चक्र पर स्थापित किया। मां कुंडलिनी का स्थान मूलाधार से ऊपर है और मां कुंडलिनी तब तक जागृत नहीं होती, जब तक साधक के अंदर श्री गणेश के गुण स्थापित नहीं होते। अबोधिता और शुद्ध बुद्धि श्री गणेश का विशेष गुण है। जब साधक में ये गुण स्थापित होते हैं तब मां कुंडलिनी सुषुम्ना नाड़ी से ऊपर की ओर गतिशील होती है और साधक आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करता है। मां धरा की चुंबकीय शक्ति हमारे अवगुणों को अपने में समाहित कर हमें सद्गुणी बनाती है। मूलाधार चक्र को संतुलित करने के लिए सहज योग ध्यान विधि के अनुसार साधक धरती पर बैठकर अपने दोनों हाथ भी धरा पर रखकर ध्यान करता है, तब साधक की प्रार्थना पर उसके अवगुण धरा तत्व में विलीन होने लगते हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा)